भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : 263
गुरुवार, 21 दिसम्बर, 2023(30 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर
*****

लखनऊ विमानपत्तन से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें

***263. श्री रितेश पाण्डेयः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अमरीका, ब्रिटेन आदि जैसे देशों के लिए सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने हेतु लखनऊ विमानपत्तन से अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्क में सुधार करने के लिए कोई कार्य योजना तैयार की गई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार की लखनऊ को अमरीका और ब्रिटेन जैसे देशों से सीधे जोड़ने के लिए विमानों को समायोजित करने हेतु रनवे और टैक्सीवे का विस्तार करने का भी विचार है; और
(घ) यदि हां, तो भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में जारी निविदाओं और हासिल हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है और परियोजना को पूरा करने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (घ) : विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

******

"लखनऊ विमानपत्तन से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें" के संबंध में लोक सभा के दिनांक 21.12.2023 के तारांकित प्रश्न (*) संख्या 263 के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): वर्तमान में, लखनऊ, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ओमान और थाईलैंड जैसे देशों से सीधे जुड़ा हुआ है। एयरलाइनों के अंतर्राष्ट्रीय प्रचालन, भारत और संबंधित देश के बीच द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते (एएसए) द्वारा अधिशासित होते हैं। लखनऊ से अंतर्राष्ट्रीय हवाई सम्पर्क में सुधार करने के लिए, इसे 18 पर्यटन गन्तव्यों की सूची में शामिल किया गया है, जो अपरिचालित प्रचालन के लिए आसियान और सार्क देशों (पाकिस्तान और अफगानिस्तान को छोड़कर) के नामित वाहकों के लिए उपलब्ध हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन के नामित वाहकों के लिए लखनऊ, प्वाइंट ऑफ कॉल के रूप में भी उपलब्ध है। हालाँकि, भारत में किसी भी स्थान से सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करना, पूरी तरह से यात्री मांग, स्लॉटों की उपलब्धता, मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता और अन्य संबंधित कारकों के आधार पर अनुसूचित एयरलाइनों का वाणिज्यिक निर्णय है।

(ग) और (घ): हवाईअड्डों का उन्नयन/विस्तार एक सतत प्रक्रिया है और इसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा समय-समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक कारकों, यातायात की मांग ऐसे हवाईअड्डों से / के लिए / प्रचालन हेतु एयरलाइनों की इच्छा के आधार पर किया जाता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने लखनऊ हवाईअड्डे को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत दीर्घकालिक पट्टे के आधार पर प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए पट्टे पर दिया है। (पीपीपी) भागीदार ने. हवाईअड्डे के विस्तार की योजना शुरु है, जिसमें रनवे का विस्तार और टैक्सीवे का निर्माण भी शामिल है। हालाँकि, हवाईअड्डा परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा, कई कारकों पर निर्भर करती है, जैसे भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य संस्वीकृतियों की उपलब्धता, वित्तीय समापन आदि;

*****